**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम

पन्तनगर। 12 अप्रैल 2023। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना द्वारा नैनीताल जिले के चोपड़ा गांव में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय और बाजार क्षेत्र में स्वच्छता पर एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना के वैज्ञानिकों ने प्राथमिक विद्यालय के छात्र और शिक्षकों को बुनियादी स्वच्छताएं एवं स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव एवं स्वच्छ जीवनशैली के विषय में बताया तथा छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता के नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्रों, शिक्षकों व परियोजना दल द्वारा विद्यालय परिसर की सफाई की गई। छोटे दुकानदारों को डस्टबिन बांटे गए व उन्हें अपने परिसर में साफ–सफाई रखने को कहा गया। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय और जूनियर हाईस्कूल, चोपड़ा गाँव के प्रधानाचार्यो ने भी सहयोग दिया।




*शिविर में छात्रों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते वैज्ञानिक।*